डेली अपडेट्स

विश्व हिंदी दिवस | 10 Jan 2023 | प्रारंभिक परीक्षा

हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 जनवरी को **विश्व हिंदी दिवस** मनाया जाता है।

- जबकि राष्ट्रीय हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से **भारत में हिंदी भाषा** की मान्यता पर केंद्रित है।

विश्व हिंदी दिवस

- **पृष्ठभूमि:**
  - **10 जनवरी, 1975 को** नागपुर में आयोजित **प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगाँठ** मनाने के संदर्भ में पहली बार यह दिवस वर्ष 2006 में मनाया गया था।
    - यह उस दिन को चिह्नित करता है जब **वर्ष 1949 में (United Nations' General Assembly- UNGA) में पहली बार हिंदी बोली गई थी**। यह विश्व के विभिन्न हिस्सों में स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा भी मनाया जाता है।
  - **वर्ष 2018 में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में विश्व हिंदी सचिवालय (World Hindi Secretariat) भवन का उद्घाटन** किया गया।
- **महत्त्व:**
  - इस दिवस का उद्देश्य **भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे विश्व भर में वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना** है। इसे भारतीय भाषा के प्रयोग के बारे में जागरूकता फैलाने और हिंदी भाषा के उपयोग एवं प्रचार से संबद्ध मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिये भी प्रयुक्त किया जाता है।
- **राष्ट्रीय हिंदी दिवस:**
  - **वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा द्वारा आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी** को अपनाए जाने वाले दिन को चिह्नित करने के लिये भारत में हर साल 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है।
    - काका कालेलकर, मैथिली शरण गुप्त, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंददास ने हिन्दी को राजभाषा बनाए जाने के क्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।
  - हिन्दी भी है।
  - अनुच्छेद 351 **'हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश'** से संबंधित है।
- **हिंदी के संवर्द्धन हेतु सरकार के प्रयास:**
  - वर्ष 1960 में भारत सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के अधीन **केंद्रीय हिंदी निदेशालय** की स्थापना की गई थी।
  - (Indian Council for Cultural Relations- ICCR) ने विदेशों में विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में 'हिंदी पीठ' (Hindi Chairs) की स्थापना की है।
  - **लीला-राजभाषा (Learn Indian Languages through Artificial Intelligence) हिंदी सीखने के लिये एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन है।**

- **ई-सरल हिंदी वाक्य कोष** और **ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप**, राजभाषा विभाग की दोनों पहलों का उद्देश्य हिंदी के विकास के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है।
- राजभाषा गौरव पुरस्कार और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हिंदी में योगदान को मान्यता देते हैं।

हिंदी भाषा

- **हिंदी भाषा को अपना नाम फारसी शब्द 'हिंद' से प्राप्त** हुआ है, जिसका अर्थ है 'सिंधु नदी की भूमि'। 11वीं शताब्दी की शुरुआत में तुर्की के आक्रमणकारियों ने सिंधु नदी के आसपास के क्षेत्र की भाषा को हिंदी यानी 'सिंधु नदी की भूमि की भाषा' नाम दिया।
- यह **भारत की राजभाषा** है, अंग्रेजी दूसरी अन्य है।
- भारत के बाहर कुछ देशों में भी हिंदी बोली जाती है, जैसे मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल में।
- हिन्दी अपने वर्तमान स्वरूप में विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से उभरी है जिसके दौरान इसे अन्य नामों से जाना जाता था। पुरानी हिंदी का सबसे प्रारंभिक रूप अपभ्रंश (Apabhramsa) था। 400 ईस्वी में कालिदास ने अपभ्रंश में विक्रमोर्वशियम नामक एक रोमांटिक नाटक लिखा।
- आधुनिक **देवनागरी लिपि 11वीं शताब्दी में अस्तित्त्व में आई**।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस